



# कार में फंसकर 50 मीटर घिसटा मासूम, मौत

## इमलिया खेड़ा में सड़क पार करते समय हुआ हादसा, कार चालक शिक्षिका समेत तीन को बनाया बंधक

संवाददाता, मोहनलालगंज

### छुट्टी के बाद कार से घर लौट रही थी शिक्षिकाएं

- शिक्षिका रेनू ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह और उनकी सहेलियां रोज कार से आती जाती हैं। रायबरेली के प्राथमिक विद्यालय में तैनात हैं। बच्चा दौड़कर सड़क पार कर रहा था। उन्होंने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन अचानक वह सामने आ गया। जिसके चलते कार की टक्कर लग गई। इसके बाद उन्होंने कार रोक दी थी। उन्होंने भागने का प्रयास नहीं किया था।

### मासूम को सीने से लगाकर रोते-रोते मां हुई बेहोश

- बच्चे की अस्पताल में मौत की पुष्टि होते ही कमलेश भागकर पहुंची। खून से लथपथ बेटे को सीने से लगाकर वह चिल्लाने लगी। रोते हुए एकाएक उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। आस पास खड़े लोगों ने पानी की छींटे डाली। परिवार में माता–पिता के अलावा बड़ी बहन लवली उर्फ पल्लवी और भाई करन है।


मृतक अर्जुन।

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के इमलिया खेड़ा गांव में शुक्रवार शाम भंडारे का प्रसाद लेकर सड़क पार कर रहे मासूम को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से मासूम उछलकर सड़क पर गिरा और कार का पहिया उस पर चढ़ गया। शिक्षिका ने कार रोकने के बजाए रफ्तार बढ़ा दी। जिससे मासूम कार में फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

गुस्साए ग्रामीणों ने कार चला रही शिक्षिका व उसमें बैठी दो अन्य महिलाओं को बंधक बना लिया। कार के चारों पहियों की हवा निकाल दी। घटना की सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। उसके बाद काफी मशक्कत कर भीड़ के बीच से तीनों महिलाओं को लेकर कोतवाली पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिसेंडी के मजरा इमलिया खेड़ा गांव में मजदूर टिंकल परिवार के साथ रहता है। उनका बेटा अर्जुन (8) गांव के ही एक विद्यालय में कक्षा दो का छात्र था। पत्नी कमलेश ने बताया शुक्रवार को गांव में सड़क किनारे रहने वाले संदीप त्रिपाठी के यहां भागवत कथा के समापन पर भंडारा चल रहा था।

प्रसाद लेने के लिए शाम 4 बजे के बेटा अर्जुन गया था। वह प्रसाद लेकर सड़क पार कर रहा था। इसी बीच मौरावां मार्ग पर कालूखेड़ा की ओर से आ रही बेकाबू वैगन आर कार ने अर्जुन को टक्कर मार दी। वह छिटक कर सड़क पर दूर जा गिरा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला कार चालक ने भागने के प्रयास में गाड़ी अर्जुन पर चढ़ा दी। वह कार में फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता चला गया।

ग्रामीणों के चिल्लाने व कार के आगे आने के बाद महिला चालक ने गाड़ी रोकी। ग्रामीणों ने कार में फंसे मासूम अर्जुन को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं, हादसे से नाराज ग्रामीणों ने कार के चारों टॉयरों की हवा निकाल दी। उसके बाद कार चला रही तेलीबाग गांधीनगर निवासी रेनू संजीव कुमार और साथ में मौजूद दो अन्य महिलाओं को बंधक बना लिया। ग्रामीणों को उग्र होता देख आरोपी महिला ने कार को अंदर से लॉक कर लिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीण कार सवारों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाकर शांत कराया। हमले की आशंका से शिक्षिकाओं को घेरकर पुलिस ने जीप में बैठाया और उन्हें लेकर थाने चली गई।

इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कार चला रही रेनू और दो महिलाएं रायबरेली स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिकाएं हैं। पिता की तहरीर पर रेनू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### कार ने बाइक में मारी टक्कर, चार घायल

- **अमृत विचार, मलिहाबाद :** थाना क्षेत्र के महमूदनगर इलाके में शुक्रवार को एक सड़क हादसा हुआ। इंस्पेक्टर मलिहाबाद ने बताया कि रहमतनगर निवासी राम अवतार के बड़े बेटे प्रेम की शादी के लिए परिचितों ने एक लड़की बतायी थी। शुक्रवार को राम अवतार, आशीष, पंकज और दो साल की परी को लेकर बाइक से लड़की देखने शफीपुर गए थे। रात करीब सवा नौ बजे घर वापसी के दौरान महमूद नगर में सड़क पार करते समय बाइक सवार परिवार को कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि सभी चारों उछलकर सड़क पर गिर गए। हादसा देख ग्रामीण दौड़े। बच्ची व अन्य को संभालते हुए डॉयल–112 पर सूचना दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि सबसे ज्यादा चोट पंकज व आशीष को आई है। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक देख दोनों को ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस चालक की तलाश में पुलिस सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### 21 मेधावियों को किया पुरस्कृत

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर के अलीनगर खुर्द स्थित प्राथमिक विद्यालय में बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वास्थ्य शिविर लगाया गया और मातृशक्ति सम्मान व 21 मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। मुख्य अतिथि एससी / एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, विशिष्ट अतिथि एसीपी कृष्णा नगर रजनीश वर्मा रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य और नाटक प्रस्तुत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार परिवार से मिलते हैं। माता–पिता को बेटियों के साथ बेटों को भी महिलाओं का सम्मान करना सिखाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील भी की। महिलाओं और बालिकाओं को सेनेटरी पैड भी बांटे गए। बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने वाली माताओं और दादियों को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सर्वजन हिताय संरक्षण समिति महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने अतिथियों से "एक पेड़ बेटी के नाम" अभियान के तहत पौधरोपण कराया।


पुरस्कृत बच्चों के साथ पुलिस अधिकारी व अन्य।

### 121 परिवारों ने किया महारुद्राभिषेक

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** गल्लामंडी रोड पर स्थित गोपेश्वर गोशाला में आचार्य डॉ योगेश व्यास के सानिध्य में महारुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इसमें 121 यजमानों ने 5051 पार्थिव शिवलिंगों का रुद्राभिषेक किया गया। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर पंकज गुप्ता, विकास पाठक, कार्तिकेय पाठक, विश्वनाथ, सुनील गुप्ता, शैलेंद्र पांडेय, शिवानी, अभिलाषा, रूपेश मिश्र, योगाचार्य मुनींद्र, सोनू सिंह, अलीगंज के अजय मिश्र, रीतू मिश्रा के अलावा, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, बाराबंकी, कानपुर, प्रतापगढ़ आदि के लोग शामिल हुए। गोशाला प्रबंधक उमाकांत ने बताया 1100 दीयों से आरती उतारी गई और देर रात तक भंडारा चला।


रुद्राभिषक करते भक्त।

## न्यूज ब्रीफ

### बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर जेवर, चांदी के बर्तन और नकदी समेत लाखों का माल चोरी कर लिया। पीड़िता ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। वसुधा स्टेट निवासी मंजू शाक्य ने बताया कि 26 फरवरी की दोपहर करीब 12 बजे किसी कार्य से अपने मूल गांव फर्रुखाबाद गई थीं। 10 मार्च को जब वह वापस लौटी तो देखा कि घर और अलमारी के ताले टूटे होने के साथ अंदर रखा सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। पीड़िता का कहना है कि अलमारी से लाखों के जेवर, दूसरे कमरे में रखे चांदी के बर्तन व करीब 25 हजार रुपये नकद गायब थे। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### सीएमओ ने किया डॉ. सुरेन्द्र को सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. सुरेन्द्र शाही को सम्मानित किया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश रघुवंशी ने बताया कि अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 तक सीएचसी पर 6399 महिला और 71 पुरुष नसबंदी ऑपरेशन किए गए हैं, जिनमें 1135 महिला और 15 पुरुष नसबंदी डॉ. शाही ने किए हैं।

### कार्यशाला में बच्चों को दिए प्रमाणपत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** एस्थेटिक एंड कल्चरल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल, डीएलएफ ब्रांच और फ्लोरोसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से आयोजित छह दिवसीय क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। वरिष्ठ कलाकार जय कृष्ण अग्रवाल ने बच्चों की बनाई मिट्टी की विभिन्न कलाकृतियों को देखा। कला अध्यापक राजेश कुमार, प्रधानाचार्य नवनीत कौर भी रहीं।

### मां-बेटी को पीटा

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र के जगदीशपुर बुजुर्ग गांव में चार लोगों ने मां–बेटी पर हमला कर दिया। दबंगों ने मां–बैटी को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की धमकी दी। माल पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुमन कश्यप ने बताया कि गुरुवार देर रात ग्यारह बजे पड़ोसी उदय भान यादव दरवाजे पर आकर गंदी गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर उदयभान यादव, राम यादव, राजकुमार यादव व अभयराज यादव ने रंजीता को डंडे से पीटा।

# आज और कल चलेंगी परीक्षा विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** 14 और 15 मार्च को होने वाली दरोगा भर्ती परीक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों के आने की संभावना को देखते हुए रेलवे ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुविधा देने के लिए रेलवे की ओर से परीक्षा विशेष ट्रेनें चलाने के साथ ही स्टेशन पर अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

उत्तर रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार ट्रेन संख्या 04220 लखनऊ–वाराणसी परीक्षा विशेष 14 और 15 मार्च को लखनऊ से शाम 6:20 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन बाराबंकी, दरियाबाद, रुदौली, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईगंज, अकबरपुर, मालीपुर, शाहगंज और जौनपुर स्टेशनों पर ठहरेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 04222 लखनऊ–प्रयागराज संगम परीक्षा विशेष 14 और 15 मार्च को शाम 5:45 बजे लखनऊ से चलेगी। यह ट्रेन बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली जंक्शन, फुरसतगंज, गौरीगंज, अमेठी, मां चंडिका देवी धाम अंतू, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जंक्शन, बिश्नाथगंज, मऊ आइम्मा, सिवैथ, फाफामऊ और प्रयाग स्टेशन पर रुकेगी। रेलवे प्रशासन के मुताबिक दोनों दिनों में प्रतिदिन करीब एक लाख परीक्षार्थियों और अभिभावकों के आने की संभावना है। भीड़ को नियंत्रित रखने के लिए स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में होल्डिंग एरिया बनाया गया है, जहां से ट्रेन के अनुसार यात्रियों को प्लेटफार्म पर भेजा जाएगा। इसके अलावा अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले जा रहे हैं। सुरक्षा के लिए जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम तैनात रहेगी।


रेलवे स्टेशन पर बनाए गए शेल्टर होम में आराम करते दरोगा भर्ती के लिए परीक्षा देने आए अभ्यर्थी। अमृत विचार


स्मारिका का विमोचन करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, साथ में अन्य।

# रक्षामंत्री ने स्मारिका का विमोचन किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शुक्रवार को 5ए कालिदास मार्ग स्थित आवास पर कई संगठन के प्रतिनिधिमंडलों ने भेंट की। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के प्रतिनिधियों में डॉ. बीएन सिंह, डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, कर्नल एएन पांडे, सीजी नायर, संजय निगम और पीआर पांडे शामिल थे। रक्षा मंत्री ने महासमिति की स्मारिका का विमोचन भी किया। रक्षामंत्री ने बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला के राजाजीपुरम स्थित आवास जाकर उनकी माता प्रतिष्ठा शुक्ला के निधन और पूर्व एमएलसी स्वर्गीय विंध्यवासिनी कुमार के घर जाकर शोक जताया। पूर्व पार्षद अतुल अवस्थी के पान दरीबा स्थित आवास गए जाकर उनके पिता के निधन पर भी शोक जताया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, एमएलसी डॉ महेंद्र सिंह, रामचंद्र प्रधान, ,डॉ राघवेंद्र शुक्ला, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी पुष्कर शुक्ला, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग उपस्थित रहे।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर तकनीकी व्याख्यान

**अमृत विचार, लखनऊ:** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र की ओर से शुक्रवार को आईईआई भवन में स्वास्थ्य सेवा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सचिन कुमार ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से रोग पहचान, उपचार में सुधार, डेटा विश्लेषण और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एआई आधारित तकनीक डॉक्टरों को निर्णय लेने में सहायता करती है, जिससे गंभीर बीमारियों का समय रहते पता लगाना संभव होता है और मरीजों को अधिक सटीक तथा त्वरित उपचार मिल पाता है। उन्होंने टेलीमेडिसिन, डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड, रोबोटिक सर्जरी और स्मार्ट हेल्थकेयर सिस्टम में एआई के बढ़ते उपयोग पर भी प्रकाश डाला। अध्यक्षता वीपी सिंह, अध्यक्ष ने की।

### बिना नोटिस नगर निगम की दीवार गिराई

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐशबाग धोबीघाट पर नगर निगम द्वारा बनाई जा रही दीवार एलडीए ने ध्वस्त कर दी। कार्रवाई से पहले नोटिस नहीं दिया गया। इससे ठेकेदार का हुआ बड़ा नुकसान हुआ है। नगर निगम धोबीघाट पर विकास कार्यों से जुड़े कार्य करा रहा है। इस दौरान निर्माणीन दीवार एलडीए ने गुरुवार को ध्वस्त कर दी। आरोप लगाया कि नगर निगम व ठेकेदार में किसी को नोटिस नहीं दिया गया। संबंधित अवर अभियंता ने फोन बंद लिया और अधिशासी अभियंता ने ऊपर से आदेश मिलने पर कार्रवाई की बात कही।

### भंडारे के साथ कथा का समापन

**अमृत विचार, माल :** रहीमाबाद –गहदो मार्ग पर स्थित श्री ठाकुर जी महाराज राम जानकी मंदिर प्रांगण में श्रीराम महायज्ञ श्रीमद् भागवत के सातवें दिन कथा वाचक आचार्य राम ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई। इसके बाद हवन पूजन और भंडारे के साथ हुआ। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### रासलीला में हुए श्रीकृष्ण के बाल रूप के दर्शन

**अमृत विचार, निगोहां :** क्षेत्र के वाजपेई खेड़ा गांव में रासलीला में मीराबाई की भक्ति, श्रीकृष्ण का बाल रूप दर्शन सहित अन्य लीलाओं का मंचन किया गया। वृंदावन के रसाचार्य भावेश कृष्ण भारद्वाज के सानिध्य में कलाकारों ने मीराबाई के चरित्र का अद्भुत और शानदार प्रस्तुतीकरण किया। मरुस्थल की मंदाकिनी मीरा की अनन्य भक्ति और मनमोहक अमृतवर्षा रूपी भजनों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भक्तों को विन्ध्येश्वरी परिवार ने प्रसाद वितरित किया। ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल, सोनू शुक्ल "विन्ध्येश्वरी", आशीष मिश्रा, भाजपा नेता अभिषेक शुक्ल, अनुराग शुक्ला, देवांश शुक्ल, मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन शुक्ल मौजूद रहे।


रासलीला में श्रीकृष्ण की झांकी।




आपको सिर्फ पेमेंट करते समय ही क्यूआर कोड स्कैन करना या पिन एंटर करना होता है। यदि कोई आपसे पैसा पाने के लिए क्यूआर स्कैन करने या पिन एंटर करने के लिए कहता है तो यह धोखा है। अपना पैसा सुरक्षित रखने के लिए सतर्क रहिए।

क्यूआर कोड स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in पर विजिट करें
प्रतिक्रिया देने के लिए लिखें: rbikehtahai@rbi.org.in
आधिकारिक व्हाट्सऐप नंबर: 99990 41935 / 99309 91935

जनहित में जारीकर्ता
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

**लापरवाही** –चार अलग–अलग जांच में चार तरह के नतीजे, स्वास्थ्य विभाग भी असमंजस में

# रहीमाबाद के रक्तदाताओं की रिपोर्ट में उलझाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### कौन सी रिपोर्ट सही, असमंजस में अधिकारी

- एक ही मामले में चार तरह की रिपोर्ट सामने आने से रक्तदाताओं के बीच भ्रम और डर का माहौल बन गया है। स्वास्थ्य विभाग के लिए भी यह स्थिति चुनौती बन गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि हेपेटाइटिस–बी जैसी गंभीर बीमारी की जांच में स्पष्ट और भरोसेमंद परिणाम आना बेहद जरूरी होता है। रक्तदाताओं ने मांग की है कि पूरे मामले की पारदर्शिता के साथ उच्चस्तरीय दोबारा जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। उनका कहना है कि जब तक एक अंतिम और विश्वसनीय रिपोर्ट सामने नहीं आती, तब तक अनिश्चितता और चिंता बनी रहेगी। सीएमओ एनबी सिंह का कहना है कि सभी जांच रिपोर्ट का अवलोकन किया जा रहा है।

**अमृत विचार :** रहीमाबाद में आयोजित रक्तदान शिविर के बाद हेपेटाइटिस-बी की जांच रिपोर्टों ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक ही मामले में चार अलग-अलग जांचों में अलग-अलग नतीजे आने से न केवल रक्तदाताओं की चिंता बढ़ गई है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग भी असमंजस की स्थिति में आ गया है।

रहीमाबाद में 24 फरवरी को बलरामपुर अस्पताल के ब्लड बैंक की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया था। चार गांवों के 19 लोगों ने रक्तदान किया था। रक्तदान के बाद तीन लोगों के रक्त नमूनों की प्रारंभिक जांच में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की पुष्टि हुई थी। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए नमूनों को आगे की जांच के लिए लोहिया संस्थान भेजा गया। लोहिया संस्थान में आईडी-नेट तकनीक से की गई जांच में सभी 19 रक्तदाताओं में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की पुष्टि होने की बात सामने आई। मामले को स्पष्ट करने के लिए बलरामपुर अस्पताल प्रशासन ने तीसरी बार जांच कराने का फैसला लिया। 15 लोगों ने अपने नमूने दिए, जबकि चार लोगों ने बाद में नमूना देने की बात कही। इन नमूनों को केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में भेजा गया, जहां सिर्फ एक व्यक्ति में संक्रमण पाया गया, जबकि 14 लोगों की रिपोर्ट सामान्य आई।

इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अंतिम स्पष्टता के लिए नैट तकनीक से जांच कराने का निर्णय लिया। नमूनों को केजीएमयू के ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग भेजा गया। शुक्रवार को आई रिपोर्ट में नौ लोगों में संक्रमण नहीं मिला, जबकि चार लोगों में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की पुष्टि हुई। वहीं एक व्यक्ति का नमूना जांच के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया।

# एलपीजी की कालाबाजारी पर 1483 स्थानों पर छापे

## 24 एफआईआर दर्ज, 6 गिरफ्तार, 19 लोगों पर अभियोजन, प्रदेशभर में 24 घंटे कंट्रोल रूम सक्रिय, आपूर्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 4,108 एलपीजी वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सुनिश्चित की गई डिलीवरी
- वितरकों के पास सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध



**अमृत विचार:** प्रदेश में आम नागरिकों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह सक्रिय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में आपूर्ति व्यवस्था की लगातार निगरानी के साथ निरीक्षण व छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है, जिससे कहीं भी किसी प्रकार की कमी या अव्यवस्था न होने पाए। इसी क्रम में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम सुनिश्चित किए जाएं।

यूपी पहला राज्य है, जहां कालाबाजारी के खिलाफ सबसे पहले और ताबड़तोड़ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत जनपद स्तर पर प्रवर्तन टीमों द्वारा शुक्रवार को कुल 1,483 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की गई। इस दौरान एलपीजी वितरकों के विरुद्ध 4 एफआईआर दर्ज की गई, जबकि एलपीजी गैस की कालाबाजारी में संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध 20 एफआईआर दर्ज कराई गई हैं। मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 19 व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई की गई है।

**उपभोक्ताओं दी जा रही रिफिल डिलीवरी :** प्रदेश में कार्यरत 4,108 एलपीजी गैस वितरकों के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के सापेक्ष एलपीजी रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित कराई गई है। वितरकों के यहां एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और आवश्यकतानुसार घरेलू एलपीजी सिलेंडर रिफिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

**24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम :** आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी और किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए खाद्यायुक्त कार्यालय में पेट्रोलियम पदार्थों के वितरण से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त होम कंट्रोल रूम में भी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की गई है। वहीं प्रदेश के सभी जनपदों में भी कंट्रोल रूम स्थापित कर दिए गए हैं।

### वाणिज्यिक सिलेंडरों का 20 प्रतिशत आवंटन

भारत सरकार द्वारा वाणिज्यिक सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति प्रदान की गई है, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित न हो।


### प्रशासन फील्ड में सक्रिय

उपभोक्ताओं को एलपीजी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय और स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार फील्ड में भ्रमण कर रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के किसी भी हिस्से में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की आपूर्ति बाधित न हो और आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## बचे हुए पानी को पौधों में डालें छात्रः राज्यपाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को संस्कृति स्कूल की कक्षा केजी से कक्षा 11वीं क्लास तक के 60 छात्रों और 16 अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने छात्रों को सलाह दी कि बचे हुए पानी को पौधों में डालें तथा 'मां के नाम पर पौधारोपण' जैसे अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

उन्होंने छात्रों से कहा कि वह जीवन में अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझें। नियमित रूप से विद्यालय आने, कूड़ा सदैव डस्टबिन में डालने तथा जल संरक्षण पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने छात्रों को चाकलेट भी वितरित कीं।



जनभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

## मौत मामले में अस्पताल दोषी, संचालन होगा बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की सिफारिश
- आईपीएस अस्पताल पर इलाज में लापरवाही का लगा था आरोप

**अमृत विचार :** गोमतीनगर स्थित आईपीएस अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले में जांच कमेटी ने करीब पांच महीने बाद अस्पताल को दोषी ठहराया है। इसके बावजूद अस्पताल का संचालन अब तक जारी है। शुक्रवार को नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी ने अस्पताल को तत्काल बंद किए जाने की संस्तुति की है।

बाराबंकी के भटौली गांव निवासी संजय की 24 वर्षीय पत्नी रोशनी को बीते वर्ष 27 सितंबर को बुखार और सिरदर्द की शिकायत पर परिजनों ने गोमतीनगर के खरगापुर स्थित आईपीएस अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने मरीज की सीटी स्कैन सहित खून की जांच कराई थी।

मृतका के पति संजय का आरोप है कि जांच रिपोर्ट सामान्य आने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने इलाज में लापरवाही बरती, जिससे रोशनी की हालत बिगड़ती चली गई। बाद में डॉक्टरों ने उन्हें आईसीयू में भर्ती कर दिया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

आरोप है कि अस्पताल ने इलाज के नाम पर करीब 1.20 लाख रुपये का बिल थमाया, जिसमें से 90 हजार रुपये वसूल भी लिए गए। घटना के बाद पति ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की थी। पुलिस ने सीएमओ कार्यालय से जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की बात कही थी।

कई महीने तक स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच नहीं होने पर पीड़ित परिवार ने उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले में रिपोर्ट तलब की थी।

जांच कमेटी ने अस्पताल से इलाज से संबंधित दस्तावेज और डॉक्टर का बयान देने के लिए कहा था, लेकिन आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया। इसके आधार पर कमेटी ने अस्पताल को दोषी मानते हुए अपनी रिपोर्ट आयोग को भेज दी है।

नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ. एपी सिंह ने अस्पताल के संचालन पर रोक लगाने की संस्तुति की है। हालांकि, अब तक अस्पताल में सेवाएं जारी हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि अस्पताल में चिकित्सकीय कार्य बंद करने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कांडपाल स्मृति योग सम्मान से नवाजे गए डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एण्ड अल्टरनेटिव मेडिसिन में आयोजित योग सप्ताह के छठवें दिन पदम् श्री सम्मान हेतु चयनित डॉ. राजेंद्र प्रसाद को डॉ. अमरजीत यादव ने नंदा वल्लभ काण्डपाल स्मृति योग सम्मान से सम्मानित किया। यह सम्मान हेमचंद्र काण्डपाल द्वारा इंडियन योग फेडरेशन में स्थापित कराया गया है। योग फैकल्टी के समन्वयक तथा इंडियन योग फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. अमरजीत यादव ने इस अवसर पर बताया कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं योग विषय में उनकी कई पुस्तकें एवं शोध-पत्र प्रकाशित हो चुके हैं।

### आवश्यकताओं को सीमित रखना आवश्यक

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में जैन विद्या शोध संस्थान की ओर से तीर्थांकर ऋषभदेव जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि जैन दर्शन और जैन साहित्य मनुष्य को यह महत्वपूर्ण शिक्षा देते हैं कि जीवन में वास्तविक उन्नति और संतोष प्राप्त करने के लिए अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. अभय कुमार जैन ने जैन धर्म की सम्यक ज्ञान, सम्यक वाणी और सम्यक चरित्र की विचारधारा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो. नलिन के. शास्त्री, प्रो. पवन अग्रवाल, नव नालंदा महावीर विश्वविद्यालय, बिहार के प्रो. रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव मंच पर उपस्थित रहे।

### सांख्यिकी विषय पर हुआ मंथन

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रों में विश्लेषणात्मक सोच तथा सांख्यिकीय ज्ञान के व्यावहारिक ज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए नेशनल पीजी कॉलेज में अंतरमहाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आज के समय में सांख्यिकी का उपयोग लगभग प्रत्येक उद्योग में किया जा रहा है तथा डेटा-आधारित कौशलों की मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने छात्रों को आधुनिक विश्लेषणात्मक उपकरणों और उद्योग से संबंधित ज्ञान से सुसज्जित करने के उद्देश्य से प्रस्तावित बीएससी (ऑनर्स) डेटा एनालिटिक्स कार्यक्रम की शुरुआत के विषय में भी जानकारी दी। मुख्य अतिथि दीक्षा सचदेवा ने वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान में सांख्यिकी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता का मूल्यांकन दीक्षा सचदेवा तथा कृतिका वर्मा, मैनेजर द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता दो चरण आयोजित की गई। यह प्रतियोगिता तीव्र गति से पूछे गए प्रश्नों के कारण अत्यंत रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक रही।

### बरेली को सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में पहला स्थान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और प्रशासनिक जवाबदेही को मजबूत करने के लिए लागू मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की फरवरी रैंकिंग में बरेली जिले ने पहला स्थान हासिल किया है। जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण और बेहतर फीडबैक के आधार पर बरेली ने 10 में से 9.65 अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पाया। फरवरी रैंकिंग में शाहजहांपुर ने 9.53 अंक के साथ दूसरा और मैनपुरी ने 9.50 अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग में अन्य जिलों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। लखीमपुर खीरी ने 9.46 अंक के साथ चौथा, जालौन ने 9.45 अंक के साथ पांचवां और रामपुर ने 9.39 अंक के साथ छठा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा हमीरपुर सातवें, बाराबंकी आठवें, पीलीभीत नौवें और श्रावस्ती दसवें स्थान पर रहे।

### चितेरी लोककला को उद्यमिता से जोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की मदद से झांसी की प्रतिभा डोंगरे ने बुंदेलखंड की पारंपरिक चितेरी लोककला को नया आयाम देते हुए उसे रोजगार और उद्यमिता से जोड़ दिया है। फाइन आर्ट्स में स्नातक और परास्नातक प्रतिभा ने गांवों में दरवाजों और खिड़कियों पर बनाई जाने वाली चितेरी कला को जूट बैग और अन्य गिफ्ट उत्पादों पर उतारकर इसे बाजार तक पहुंचाया। योजना के तहत उन्हें 4.5 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण मिला, जिससे उन्होंने मशीनें खरीदीं और 'रचनात्मक ऑर्टस' के नाम से अपना उद्यम शुरू किया। शुरुआत छोटी थी, लेकिन आज उनके साथ 25 महिलाएं जुड़कर काम कर रही हैं।

## नहर परियोजना के विस्तार से बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'हर खेत को जल' को साकार करने की दिशा में प्रदेश सरकार सरयू नहर परियोजना का विस्तार कर रही है। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित इस राष्ट्रीय परियोजना के माध्यम से पूर्वी उत्तर प्रदेश में 14.04 लाख हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

परियोजना के तहत नहर नेटवर्क को मजबूत करने के लिए कुलाबों के निर्माण, नहर गैप भरने और प्रेशर सिंचाई प्रणाली के विकास पर काम तेज किया गया है। इससे पूर्वांचल के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन के साथ उनकी आय में भी वृद्धि होगी।

## 48 डीएसपी बनेंगे अपर पुलिस अधीक्षक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में जल्द ही 48 पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) के पद पर पदोन्नति मिलने की संभावना है। इस संबंध में शुक्रवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में पीपीएस संवर्ग की विभागीय प्रोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2012 और 2013 बैच के पीपीएस अधिकारियों के नामों पर विचार किया गया।

सूत्रों के अनुसार डीपीसी में कुल 48 अधिकारियों को पुलिस उपाधीक्षक से अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत करने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण भी मौजूद रहे। समिति द्वारा चयनित अधिकारियों की सूची को अंतिम मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री की स्वीकृति मिलने के बाद पदोन्नति का औपचारिक आदेश जारी कर दिया जाएगा।

बताया जा रहा है कि कुछ अधिकारियों के नाम फिलहाल 'सीलबंद लिफाफे' में रखे गए हैं। जिन अधिकारियों के नामों पर सहमति बनी है, उनमें 2012 बैच के दीपक कुमार सिंह, स्वतंत्र कुमार सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, एस.एन. वैभव पांडेय और स्नेहा तिवारी सहित अन्य अधिकारी शामिल हैं।

## सपा सरकार में दलित अधिकारियों का किया गया डिमोशन



डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल

**अमृत विचार, लखनऊः** डॉ. अंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर दलित राजनीति को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। डॉ. निर्मल ने कहा कि सपा सरकार ने कांशीराम के नाम से जुड़े कई महत्वपूर्ण संस्थानों और स्थलों के नाम बदल दिए। कांशीराम के नाम से स्थापित जिले, मेडिकल कॉलेज और विश्वविद्यालय तक का नाम बदल दिया गया। विधान परिषद सदस्य ने कहा कि अब चुनाव नजदीक आते ही सपा प्रमुख दलित समाज के वोट हासिल करने के लिए कांशीराम की जयंती को पीडीए दिवस के रूप में मनाने जा रही हैं। आरोप लगाए कि उस समय बदले की भावना से दलित अधिकारियों का डिमोशन किया गया, एसडीएम स्तर के अधिकारियों को तहसीलदार बनकर काम करना पड़ा। साथ ही उन्होंने कहा कि दलितों के प्रमोशन में आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को भी सपा सरकार ने स्वतः संज्ञान लेकर समाप्त करने का प्रयास किया।

## कृषि योजनाओं में 4.32 लाख करोड़ से अधिक धनराशि खर्च

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम' से किसान हो रहे आत्मनिर्भर : सूर्य प्रताप शाही



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने की है। इसके लिए 'उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम' और 'आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना' जैसी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कुल बजट की शेष धनराशि का उपयोग 31 मार्च 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि अगले वित्तीय वर्ष में अधिक बजट प्राप्त किया जा सके।

कृषि मंत्री शुक्रवार को कृषि भवन में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आई है और वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 4,32,284.44 लाख की धनराशि खर्च की जा चुकी है। यह कुल स्वीकृत बजट का लगभग 81.10 प्रतिशत है। साथ ही बताया कि राज्य योजनाओं के लिए स्वीकृत 3,57,809.30 लाख के सापेक्ष 3,18,095.40 लाख की धनराशि खर्च की जा चुकी है, जो करीब 88.90 प्रतिशत है। केंद्र प्रायोजित योजनाओं की समीक्षा करते हुए बताया कि कृषोन्नति अम्ब्रेला योजना में 75.30 प्रतिशत और आरकेवीवाई अम्ब्रेला योजना में 56.02 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। वहीं नेशनल क्रॉप इंश्योरेंस प्रोग्राम के तहत 98.63 प्रतिशत धनराशि खर्च कर किसानों को सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया गया है। समीक्षा बैठक में विशेष सचिव कृषि सर्वेश कुमार सिंह, कृषि निदेशक डॉ. पंकज त्रिपाठी सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 'सुर साधना' से चमकी प्रदेश की लोक कला

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश की लोक कला और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित 'सुर साधना' कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जिलों में लोकप्रिय होता जा रहा है। इस पहल के तहत 22 जिलों में साप्ताहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं।

- 22 जिलों में 156 दिनों में 2200 से अधिक कलाकारों को मिला मंच

अब तक 156 दिनों में 374 सांस्कृतिक दलों के लगभग 2200 से अधिक कलाकार इन कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। इन कार्यक्रमों में लोकगायन, भजन-कीर्तन, लोकनृत्य, लोकनाट्य, कठपुतली, जादू, शास्त्रीय गायन-वादन, किस्सागोई और काव्य पाठ जैसी विविध सांस्कृतिक विधाओं की प्रस्तुतियां दी जाती हैं।

'सुर साधना' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के कई प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों को मंच बनाया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता और मानदेय भी प्रदान किया जाता है। लोक नृत्य के लिए 15 हजार रुपये, लोक भजन गायन के लिए 10 हजार रुपये और अन्य विधाओं के लिए 5 हजार रुपये मानदेय निर्धारित किया गया है।

**सियासत** | प्रदेश में एससी के लिए सुरक्षित हैं 84 सीटें, 100 से अधिक सीटों पर प्रभावी भूमिका

## बसपा के कोर वोटरों पर कांग्रेस की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





**अमृत विचार:** कांग्रेस ने पहली बार बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती सामाजिक परिवर्तन दिवस के रूप में मनाई है तो इसके पीछे सियासी फायदे की गणित भी साफ दिखाई दे रहा है। अगले साल विधान सभा चुनाव हैं। बसपा का कोर वोटर समझे जाने वाले दलित वर्ग के वोटरों की संख्या यूपी में खासी प्रभावी है। करीब 100 विधान सभा सीटों पर दलित वर्ग के वोट खासे निर्णायक स्थिति में हैं, जिसमें 84 सीटें एससी के लिए रिजर्व हैं। इन पर कांग्रेस की सीधी नजर है। बड़ा सवाल उठता है कि क्या कांग्रेस इस आयोजन के जरिए बसपा के कोर वोटरों में सेंध लगाने में कितनी सफल होगी।

बसपा संस्थापक कांशीराम और मायावती ने संघर्ष कर दलित वर्ग को पार्टी से जोड़ा था। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, प्रदेश में करीब 19 फीसदी वोट दलित वर्ग का है। जिसमें जाटव करीब 12 फीसदी और गैर जाटव सात फीसदी के करीब है। इन 19 फीसदी वोटरों के दम पर ही मायावती चार बार सूबे की मुख्यमंत्री रहीं। हालांकि इसमें सोशल इंजीनियरिंग का भी बड़ा हाथ रहा। लेकिन कोर वोटर साथ होने के कारण ही अन्य समाज के लोग बसपा के साथ आए। लेकिन वर्ष 2012 में बसपा के हाथ से सत्ता खिसकी तो अभी तक ग्राफ गिरता ही जा रहा है। हालत यह रहे कि वर्ष 2022 के चुनाव में बसपा का महज एक विधायक ही निर्वाचित हो पाया। बसपा की इस गिरावट का फायदा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन को कुछ हद तक मिला। तभी से कांग्रेस और सपा ने दलित वर्ग पर डोरे डालने शुरू कर दिए।

उधर एक बार फिर बसपा सुप्रीमो मायावती अपने पुराने फार्म में लौटने की कवायद में हैं। बीते 9 अक्टूबर को संस्थापक कांशीराम की पुण्य तिथि पर लखनऊ में जिस तरह से लाखों लोगों की भीड़ जुटी, इससे संकेत हैं कि कोर वोटर एक बार फिर बसपा की तरफ लौट रहा है। साथ ही मायावती की भी सक्रियता भी बढ़ती जा रही है। इसके चलते कांग्रेस दलित वोटरों का कितना हिस्सा अपने पाले में कर पाती है, यह भविष्य ही बताएगा।

## सिटी डायरी



छात्रा को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ।

### छात्राओं को सिखाई मार्शल ऑर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** जीत कुनेडो एसोसिएशन के तत्वाधान में नारी शिक्षा निकेतन गर्ल्स पीजी कॉलेज में मार्शल आर्ट व आत्मरक्षा प्रशिक्षण का जागरूकता कैंप लगाया गया। जिसमें 60 छात्राओं ने भाग लेकर मार्शल आर्ट व आत्मरक्षा के महत्व को समझा। छात्राओं ने इव-टीजिंग व अन्य दुर्घटनाओं से खुद को सुरक्षित करने के विभिन्न तरीके सीखे। नारी शिक्षा निकेतन की फिजिकल एजुकेशन प्रशिक्षिका ममता डोगरा, सिद्धि जायसवाल, डॉक्टर रिचा चंद व प्रिंसिपल प्रोफेसर सुनीता कुमार के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम में एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सुधीर कुमार शर्मा, अखिल भारतीय स्वदेशी खेल एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल एके सक्सेना, प्रताप सिंह यादव, नकुल गौड़, अतुल कृष्णदेव, आलोक सिंह यादव ने सहयोग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



ट्रॉफी के साथ स्पोर्ट्स इवेंट की विजेता टीम।

### बीबीएयू स्पोर्ट्स इवेंट के विजेता सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित ''स्पोर्ट्स इवेंट-2025-26'' का समापन हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन 6-13 मार्च तक आयोजित किया गया, जबकि इसका आरंभ नवंबर के प्रथम सप्ताह में हुआ था। स्पोर्ट्स इवेंट 2025-26 के समापन सत्र के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ओवरऑल विजेता रहा। वहीं दूसरी ओर स्कूल ऑफ एजुकेशन ने फर्स्ट रनर अप एवं स्कूल ऑफ फिजिकल एंड डिसिजन साइंसेज ने सेकेंड रनर अप का स्थान हासिल किया।



स्नोबोर्डिंग कैंप में शामिल भाषा विश्वविद्यालय की छात्रा।

### भाषा विवि कैडेट ने गुलमर्ग में स्नोबोर्डिंग कैंप में लिया हिस्सा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की कैडेट साक्षी मिश्रा ने कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के बेसिक स्नोबोर्डिंग कैंप में भाग लिया है। इस शिविर का आयोजन जेआईएम एंड विंटर स्पोर्ट्स, जम्मू-कश्मीर द्वारा एनसीसी के तत्वावधान में किया गया। राष्ट्रीय साहसिक प्रशिक्षण शिविर में देश के विभिन्न एनसीसी निदेशालयों के कैडेटों ने भाग लिया। इनमें मध्य प्रदेश निदेशालय, गुजरात निदेशालय तथा हरियाणा-चंडीगढ़-हिमाचल प्रदेश निदेशालय सहित कई राज्यों के कैडेट शामिल रहे।




पीड़ितों की शिकायतें सुनती महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह।

### महिलाओं का उत्पीड़न क्षम्य नहीं : एकता सिंह

**अमृत विचार, हरदोई :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को महिला आयोग द्वारा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। महिला जनसुनवाई में सदस्य ने घरेलू हिंसा एवं अन्य तरह की पीड़ित महिलाओं के प्राप्त 12 शिकायती पत्रों का संज्ञान लेते हुए उपस्थित सीओ सिटी अंकित मिश्रा को निर्देश दिये।

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में बाल-बाल बचे डॉ. सरफराज

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के चिकित्सक डॉ. सरफराज अंसारी सड़क दुर्घटना में बाल–बाल बच गये। जानकारी के अनुसार डॉ. अंसारी अपने परिवार के साथ गोरखपुर से शोहरतगढ़ लौट रहे थे। इसी दौरान फरेन्दा–धानी बाजार के पास नील गाय के टकराने से उनकी गाड़ी (एंडेवर) दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हालांकि राहत की बात यह है कि कार में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित बताये जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर मदद की है।

### स्कूल में प्रवेश के लिए फार्म का वितरण शुरू

गोरखपुर, अमृत विचार। एन.ई. रेलवे हायर सेकेण्डरी स्कूल, जटेपुर रेलवे कॉलोनी में नये सत्र–2026–27 के लिए कक्षा 06 से 09 एवं 11वीं के लिये प्रवेश के लिए फॉर्म वितरण का कार्य जारी है। प्रवेश फॉर्म 21 मार्च तक किसी भी कार्य दिवस में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे तक विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। सी.बी.एस.ई. बोर्ड से संचालित अंग्रेजी माध्यम के इस विद्यालय में योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा उच्च स्तरीय शिक्षा दी जाती है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### गैस आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। जनपद में आमजन को गैस आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा सिद्धार्थ गैस सर्विस, बर्डपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गैस एजेंसी में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों तथा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का गहनता से अवलोकन किया।

# महिला समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण

## राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने पीड़ित महिलाओं की सुनवाई कार्यक्रम में अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



पीड़ित महिलाओं की सुनवाई करतीं महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी।

**अमृत विचार।** अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग चारू चौधरी की अध्यक्षता में महिला जन सुनवाई एवं चौपाल कार्यक्रम तथा जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। महिला जनसुनवाई के दौरान चारू चौधरी के समक्ष महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ आदि के कुल 30 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। चारू चौधरी ने सम्बंधित अधिकारी को त्वरित कार्यवाही कर प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण दोनो पक्षो को सुनकर कराने का निर्देश दिया।

कहा कि किसी के साथ भेदभाव न किया जाये समस्याओं का त्वरित निस्तारण करायें। महिला उत्पीड़न के प्रकरण में पुलिस विभाग के द्वारा कार्यवाही में शिथिलता बरतने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए महिला थाना की थानाध्यक्ष, सम्बंधित थानाध्यक्ष को दोनो पक्षों को बुलाकर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। आयोग की उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह में प्रकरणों के निस्तारण रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। समाज कल्याण, महिला कल्याण, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओ का लाभ पात्र लाभार्थियों को दिलाये। आयुष्मान कार्ड के प्रति लोगों को जागरूक करें तथा कैंप लगाकर पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाकर लाभ दिलाया जाये। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्कूलों में शिक्षको की उपस्थिति की जांच कराने का निर्देश दिया। शिक्षक स्कूल में समय से उपस्थित हों तथा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करायें। बच्चे ड्रेस में उपस्थित हों इसके लिए अभिभावकों को जागरूक करें। जो बालिकायें स्कूल नहीं जा रही हैं उनको कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से जोड़कर शिक्षित किया जाये जिससे वह शिक्षा से वंचित न रहें। विद्यालय के शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। विद्यालयों में भी महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जाये। बाल कल्याण समिति को बाल विवाह को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

### 17 में से 7 मामलों का मौके पर किया गया निस्तारण



जनसुनवाई करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नन्दनी।

**कुशीनगर, अमृत विचार :** राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को राज्य महिला आयोग की सदस्य जनक नन्दनी की अध्यक्षता में जनपद कुशीनगर के सदर तहसील खड्डा में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान रामवीर सिंह, उपजिलाधिकारी खड्डा, अमित कुमार श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक एवं बचत अधिकारी, आशीष कुमार पटेल, डॉ पारसनाथ, प्रभारी चिकित्साधिकारी खड्डा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान राशन कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, पुष्टाहार, पुलिस विभाग, आवास प्रकरण एवं बैंक संबंधी योजनाओं की समीक्षा की गयी। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के 02, पुलिस विभाग के 06, राशन कार्ड के 07, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का 01 तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खड्डा में महिला चिकित्सक के पद के संबंध में 01 प्रकरण सहित कुल 17 मामले प्राप्त हुए। इनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष 10 प्रकरणों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए 07 दिवस के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात वन स्टॉप सेन्टर कुशीनगर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय धर्मपुर खड्डा तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

### गाड़ियों के संचलन में किया गया परिवर्तन

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा वाराणसी मंडल के देवरिया सदर–बैतालपुर–गौरी बाजार खंड के मध्य समपार संख्या–133 सी एवं 136 बी पर सीमित ऊंचाई के सब–वे निर्माण हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन, नियंत्रण एवं पुनर्निर्धारण किया जायेगा। 02569 दरभंगा–नई दिल्ली विशेष गाड़ी 14 एवं 18 मार्च को परिवर्तित मार्ग सीवान–थावे–कप्तानगंज–गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। 12522 एर्णाकुलम–बरौनी एक्सप्रेस 15 मार्च को लखनऊ एवं वाराणसी मंडल पर 55 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15565 ललितग्राम–नई दिल्ली एक्सप्रेस 15 मार्च को मार्ग में 30 मिनट एवं 19 मार्च को मार्ग में 25 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 15130 वाराणसी सिटी–गोरखपुर एक्सप्रेस 15 एवं 19 मार्च को मार्ग में 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

# संवेदनशील मामलों में केवल चिकित्सीय औपचारिकता पर्याप्त नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- नाबालिग गर्भवती के मामले में प्रस्तुत मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट नाराज

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक नाबालिग गर्भवती से जुड़े संवेदनशील मामले में मेडिकल बोर्ड की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रस्तुत मेडिकल रिपोर्ट ने न्यायालय की "अंतरात्मा को झकझोर दिया" है। कोर्ट ने पाया कि स्पष्ट निर्देशों के बावजूद पीड़िता की विधिक एवं मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग समुचित ढंग से नहीं की गई। मेडिकल बोर्ड ने केवल इतना कहा कि "आपका ख्याल रखा जाएगा", लेकिन विकल्पों और अधिकारों पर कोई विस्तृत चर्चा नहीं की गई, जिसे अदालत ने असंवेदनशील रवैया माना। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि गर्भसमापन जैसे संवेदनशील मामलों में केवल चिकित्सीय औपचारिकता पर्याप्त नहीं है, बल्कि पीड़िता की गरिमा, सूचित सहमति और राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी सर्वोपरि है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने नाबालिग याची द्वारा गर्भावस्था से संबंधित चिकित्सीय निर्णय हेतु न्यायालय के हस्तक्षेप की मांग में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान पारित किया। बता दें कि कोर्ट के पूर्व आदेशों के अनुपालन में अलीगढ़ स्थित जे.एन. कॉलेज अस्पताल के मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत की गई, जिस पर कोर्ट ने गहरा असंतोष व्यक्त किया। कोर्ट ने यह भी देखा कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट में यह उल्लेख ही नहीं है कि याची को गर्भपात अथवा गर्भ जारी रखने के विकल्पों, उनके चिकित्सीय जोखिमों तथा कानूनी परिणामों के बारे में समुचित परामर्श दिया गया या नहीं। कोर्ट ने कहा कि केवल चिकित्सीय परीक्षणों का विवरण देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पीड़िता की इच्छा, मानसिक स्थिति और सूचित निर्णय की प्रक्रिया दर्ज होना अनिवार्य था। कोर्ट ने राज्य और चिकित्सा अधिकारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए।

### भोवापुर बस्ती पुनर्वास योजना से जुड़ी जनहित याचिका मंजूर

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद के कौशांबी स्थित भोवापुर बस्ती के निवासियों के पुनर्वास से जुड़े जनहित याचिका मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए स्पष्ट किया कि बिना पुनर्वास सुनिश्चित किए किसी भी प्रकार की कार्रवाई उचित नहीं होगी। कोर्ट ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत पुनर्वास योजना को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका का निस्तारण कर दिया। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली एवं न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खंडपीठ ने देव पाल द्वारा वर्ष 2020 में दाखिल जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। याचिका में मांग की गई थी कि भोवापुर बस्ती में हो रहे ध्वस्तीकरण पर रोक लगाई जाए तथा प्रभावित निवासियों के पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। याचिका में बताया गया था कि रैडिसन ब्लू होटल के पीछे स्थित बस्ती के निवासियों को बिना समुचित वैकल्पिक व्यवस्था के हटाया जा रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान वर्ष 2020 में ही कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए विकास प्राधिकरण को बस्ती में आगे कोई ध्वस्तीकरण कार्रवाई न करने, पहले से बेघर हुए लोगों को अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने, आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे– बिजली, पानी और चिकित्सा सुनिश्चित करने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पुनर्वास योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। कोर्ट के निर्देशों के अनुपालन में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने अनुपालन शपथपत्र दाखिल कर बताया कि भोवापुर बस्ती के निवासियों के लिए विस्तृत पुनर्वास योजना तैयार कर ली गई है, जिसे प्राधिकरण की 170वीं बोर्ड बैठक में अनुमोदित किया गया। योजना के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में कुल 1043 आवासीय इकाइयाँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें पात्र निवासियों को प्राथमिकता के आधार पर आवास दिया जाएगा। योजना के अनुसार पात्र लाभार्थी को मात्र 5000 हजार रूपए बुकिंग राशि जमा करनी होगी तथा शेष लगभग 6 लाख रूपए की राशि 15 वर्षों की किस्तों में देय होगी। प्राधिकरण की ओर से यह भी बताया गया कि संबंधित भूमि लगभग 15,460 वर्गमीटर क्षेत्रफल की है और पुनर्वास पूर्ण होने के बाद ही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। याची की ओर से अधिवक्ता ने पुनर्वास योजना पर कोई आपत्ति न जताते हुए कहा कि यदि याचिका का निस्तारण उक्त योजना के अनुरूप किया जाता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है।

# रेलवे बोर्ड के सदस्य ने किया निरीक्षण



गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते अधिकारी।

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे बोर्ड के सदस्य/इंफ्रास्ट्रक्चर एवं पदेन सचिव, भारत सरकार विवेक कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को को पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्यालय, गोरखपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान गोरखपुर जं. रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोरखपुर जं. स्टेशन के पुनर्विकास सम्बन्धी कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। श्री गुप्ता ने प्लेटफॉर्म सं. 9 की ओर चल रहे निर्माण कार्यो का गहनता से अवलोकन किया तथा कार्यो को पूरी गुणवत्ता के साथ पूरा करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण अभय कुमार गुप्ता, मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ गौरव अग्रवाल सहित मुख्यालय एवं मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के उपरान्त सदस्य/इंफ्रास्ट्रक्चर विवेक कुमार गुप्ता ने महाप्रबंधक सभाकक्ष, गोरखपुर में पूर्वोत्तर रेलवे तथा उत्तर मध्य रेलवे के इंजीनियरिंग, निर्माण तथा सिगनल विभाग के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चल रही विकास परियोजनाओं पर विस्तार से गहन चर्चा किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि संरक्षा भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। समपारों पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि गेटमैनों द्वारा गेट संरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित हो। साथ ही समपार फाटकों पर होने वाले टी.वी.यू. सेन्सस को बेहतर तरीके से किया जाए।

# हिरासत से भाग रहे हमलावर को लगी पुलिस की गोली

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) प्लांट में एक दिन पहले हुए उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा हत्याकांड के आरोपी अजय सिंह ने पुलिस पर फायरिंग कर हिरासत से भागने की कोशिश। पुलिस ने उसे दोनों पैरों में गोलियां मारकर पकड़ लिया। प्लांट में दो अफसरों की हत्या के बाद भारी दहशत का माहौल है। कुछ ही दिन डीजीएम की कुर्सी संभालने भेजे गए लोकेश अपनी मौजूदगी में प्लांट के अंदर डबल मर्डर से आतंकित होकर मुंबई लौट गए हैं। मारे गए डीजीएम व एएम के परिवारों ने बदायूं पुलिस के साथ एचपीसीएल के एक सीनियर अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। आरोप-प्रत्यारोप के बीच प्रशासन ने प्लांट की सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस के अनुसार, थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सेंजनी में स्थित एचपीसीएल के प्लांट में गुरुवार में दो अफसरों की हत्या के बाद आरोपी अजय सिंह प्लांट की गाड़ी से भाग निकला था। उसके बाद वह नाटकीय रूप से पुलिस के पास जा पहुंचा था। प्लांट कर्मी जीशान अंसारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अजय से पूछताछ के बाद पुलिस उसे लेकर घटना में इस्तेमाल हथियार बरामद करने गई थी। उसने छिपाकर रखा गया लोड तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह अजय घायल हो गया।

### तीन दिनों लगेगी उपकरणों की प्रदर्शनी

**वाराणसी :** आईआईटी बीएचयू में डांसिंग रोबोट, फेरारी कार और न्यूरो–हेल्थ डिवाइस के डेमो से टेक्नेक्स के 87वें संस्करण का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। आज से अगले तीन दिनों तक तकनीक और रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। आईआईटी बीएचयू टेक्नेक्स 26 में आया ह्यूमैनॉयड रोबोट सेना के जवानों को सलामी तो छात्रों से हाथ मिला रहा है। कभी बच्चों को देख जूडो के करतब तो कभी डांस के मूड में हो जा रहा है। कोयंबतूर की कंपनी ने चीन की कंपनी से इस रोबोट को खरीदा है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि ये एआई से लैस रोबोट है। इसका व्यवसायिक से लेकर घरेलू इस्तेमाल किया जा सकता है। टेक्नेक्स का शुभारंभ होने के बाद फेरारी के सीईओ बेनेडेट्टो विगना स्वतंत्रता भवन सभागार के मंच पर पहुंचे तो यहां बैठे 1500 छात्र और छात्राओं ने जमकर तालियां बजाई।

# बच्चों को ले जा रही टैक्सी पलटी तीन छात्र व वाहन चालक घायल

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मेंहदावल क्षेत्र में चिरैयाडांड़ के पास शुक्रवार को स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक टैक्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पीएम श्री विद्यालय जमोहरा के तीन छात्र और टैक्सी चालक घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों को उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, पीएम श्री विद्यालय जमोहरा के छात्र जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टैक्सी से जा रहे थे। चिरैयाडांड़ के पास अचानक सामने आए एक दुपहिया वाहन को बचाने के प्रयास में चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे टैक्सी पलट गई। दुर्घटना में टैक्सी चालक और तीन बच्चों को चोटें आईं, जबकि वाहन में सवार अन्य सभी बच्चे सुरक्षित बताए गए हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय गांधी ने बताया कि बच्चों के साथ विद्यालय के शिक्षक अनुपम भी मौजूद थे। दुर्घटना की सूचना मिलते ही वे बीईओ महेंद्रनाथ त्रिपाठी के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हादसे की जानकारी मिलने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह और बीईओ ज्ञानचंद मिश्र भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना और चिकित्सकों को समुचित उपचार के निर्देश दिए।

### कलेक्ट्रेट में एलपीजी गैस प्रबंधन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जनपद में एलपीजी गैस की आपूर्ति और प्रबंधन को सुचारु बनाए रखने के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जयप्रकाश ने बताया कि एलपीजी गैस वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए यह व्यवस्था की गई है। कंट्रोल रूम के लिए टेलीफोन नंबर 05547–297227 और 05547–226505 जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में जिला पूर्ति विभाग के तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर उनका निस्तारण कराएंगे। एडीएम ने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को नियमानुसार एलपीजी गैस सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी हो, एजेंसी द्वारा कोई समस्या उत्पन्न की जा रही हो या सिलेंडर अधिक कीमत पर बेचा जा रहा हो, तो इसकी सूचना कंट्रोल रूम के नंबर पर दी जा सकती है। शिकायत मिलने पर संबंधित मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पेयजल के सही उपयोग और संरक्षण से सुरक्षित रहेगा भविष्य : अंकुर राज

संवाददाता, संतकबीरनगर



ग्राम पंचायत रसहरा में पेयजल योजना से संबंधित 'जल अर्पण–2026' कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते सदर विधायक अंकुर राज तिवारी।

**अमृत विचार।** विकास खंड बघौली के ग्राम पंचायत रसहरा में शुक्रवार को पेयजल योजना से संबंधित 'जल अर्पण–2026' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खलीलाबाद सदर के विधायक अंकुर राज तिवारी ने की। कार्यक्रम में ग्रामीणों को पेयजल के सही उपयोग, संरक्षण तथा योजना के संचालन व रख-रखाव के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने जल के महत्व और इसके लाभों पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने ग्रामीणों को जल का दुरुपयोग न करने और पेयजल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। विधायक अंकुर राज तिवारी ने महिलाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ पेयजल बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। सदर विधायक ने जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसी प्रकार जनपद में संचालित अन्य 134 नल पेयजल योजनाओं को भी शीघ्र पूर्ण कराकर ग्रामीणों को इसका लाभ दिलाया जाए। उन्होंने बताया कि पेयजल योजनाओं के अंतर्गत निर्मित इकाइयों के संचालन व रखरखाव में ग्राम पंचायत स्तर पर सामुदायिक सहभागिता जरूरी है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर अम्बेडकर नगर

पत्रांक 1230 / न0पा0परि0ज0/2025–26 दिनांक–12–03–2026

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के द्वारा स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में A/B/C/D/E श्रेणी (जैसा लागू हो) में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदा दाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत 01 कार्य हेतु ई–निविदा आंमत्रित की जाती है।

| क्र0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा देखने/डाउनलोड / खरीदने की तिथि | 13.03.2026 04:00 PM | 23.03.2026 01:00 PM |
| 2 | प्री–बिड मीटिंग | 19.03.2026 02:00 PM | |
| 3 | बिड समाप्ति की तिथि | | 23.03.2026 01:00 PM |
| 4 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | | 23.03.2026 02:00 PM |

**नियम एवं शर्ते–निविदा से संबंधित शेष नियम शर्ते वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**जलालपुर अम्बेडकर नगर**

